बिहार में घर में रखी मिलीं छह ईवीएम

जमुई, जागरण संवाददाता : बिहार के जमुई में दो स्थानों से छह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) बरामद हुई हैं। ये ईवीएम मतदान के बाद लाकर रखी गई थीं। चुनाव आयोग के पर्यवेक्षक ने मामले की जांच कराने के लिए कहा है।

शास्त्री कालोनी में सरकारी कर्मचारी प्रदीप मंडल के घर से पुलिस ने सोमवार की रात चार ईवीएम तथा चार कंट्रोल यूनिट बरामद किये। ईवीएम चकाई विधानसभा क्षेत्र की केंद्र संख्या 62, 63, 64 और 65 की हैं। सूचना मिलते ही जमुई के राजद प्रत्याशी विजय प्रकाश, कांग्रेस प्रत्याशी अर्जुन मंडल, चकाई के लोजपा प्रत्याशी विजय सिंह तथा विधान पार्षद संजय प्रसाद भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि घर से ईवीएम बरामद होना गंभीर मामला है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पर्यवेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पर्यवेक्षक ने कहा कि जांच के बाद ही पूरे मामले का पता चल पाएगा।

उन्होंने ईवीएम को स्ट्रांग रूम में भेजने का निर्देश दिया। इस बीच केकेएम कालेज के समीप भी एक घर से दो ईवीएम की बरामदगी की सूचना है। ये मशीनें सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र की बताई जा रही हैं। इस संबंध में लोजपा प्रत्याशी सुभाष चंद्र बोस ने चुनाव आयोग से जांच कराने की मांग की है।